प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक, सभी दलों के नेताओं को आतंकवाद के खिलाफ सेना की कार्रवाई से कराया गया अवगत।
2. ईडी ने झारखंड में फिर दी दबिश, जीएसटी घोटाला मामले में रांची और जमशेदपुर में चार ठिकानों पर छापेमारी, तलाशी अभियान जारी।
3. सरना धर्म कोड लागू किये बिना जातीय जनगणना पर झामुमो को आपत्ति, कल सभी जिला मुख्यालयों में होगा विरोध–प्रदर्शन, भाजपा ने कहा– झामुमो अपने सहयोगी कांग्रेस से मांगे जवाब।
4. राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर के रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने का दिया निर्देश, जेपीएससी को भेजा पत्र।

और

5. बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी, पदक तालिका में शीर्ष दस में बनायी जगह।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर आज नयी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को अवगत कराया गया। मौके पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सभी दलों ने सेना की कार्रवाई का एकमत से समर्थन किया और सरकार के हर कदम में साथ देने का भरोसा दिलाया।

****************

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने झारखंड में एक बार फिर दबिश दी है। रांची और जमशेदपुर में कुल चार स्थानों पर ईडी ने तलाशी अभियान शुरू किया है। यह फर्जी जीएसटी इनवॉइसेज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के संबंध में है। रांची में कारोबारी विवेक नरसरिया के ठिकानों पर जांच एजेंसी ने छापेमारी की है। पश्चिम बंगाल में भी पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। इससे जुड़े आरोपियों पर लगभग 14 हजार तीन सौ 25 करोड़ रुपये के नकली इनवॉइसेज बनाने और आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक का अयोग्य इनपुट टैक्स क्रेडिट दावा करने का आरोप है। एक बयान में एजेंसी ने कहा है कि ये तलाशी अभियान अपराध से प्राप्त रकम और संपत्तियों का पता लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जो मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

****************

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो ने सरना धर्म कोड को शामिल किए बिना जातिगत जनगणना कराए जाने का विरोध शुरु कर दिया है। इस सिलसिले में कल सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी की ओर से धरना–प्रदर्शन किया जायेगा। पार्टी के प्रवक्ता विनोद पांडेय ने दो टूक कहा है कि जब तक सरना धर्म कोड लागू नहीं होगा तब तक राज्य में जातीय जनगणना नहीं होने दी जायेगी।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के इस बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि सरना धर्म कोड के मामले में झामुमो को सबसे पहले अपने सहयोगी कांग्रेस से जवाब मांगना चाहिए।

****************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी को विश्वविद्यालयों में रिक्त पड़े सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति जल्द करने का निर्देश दिया है। राजभवन की ओर से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों से भेजी गयी अधियाचनाओं के आलोक में सहायक प्रोफेसर के सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाये, ताकि राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

****************

****************

धनबाद रेल मंडल पूरे देश में माल ढुलाई के मामले में पहले स्थान पर बरकरार है। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अप्रैल माह तक धनबाद डिवीजन 16 दशमलव पांच–पांच मिलियन टन

की लोडिंग कर देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि आय के मामले में भी धनबाद रेल मंडल शीर्ष पर है।

****************

दुमका जिले के ग्रामीण इलाकों में निवास करने वाले लोगों ने सरकारी योजनाओं के जरिये अपनी और गांव की तकदीर बदलने में सफलता हासिल की है।

****************

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी आज मिले–जुले वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार में लगभग स्थिर रहे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 64 अंक गिरकर 80 हजार 579 पर जबकि निफ्टी 50 अंक गिरकर 24 हजार 409 पर आ गया।

****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार 700 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

****************

आज अंतराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस है। थैलेसीमिया एक ऐसी असाध्य बीमारी है, जिसमें रक्त कोशिकाएं पूरी तरह से निष्क्रिय हो जाती हैं और शरीर में रक्त नहीं बनता। इस अवसर पर आज राज्यभर में कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कोडरमा जिले में थैलेसीमिया के 50 मरीज हैं, जिन्हें हर महीने रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि थैलेसीमिया से ग्रसित मरीजों के लिए सदर अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक से हर महीने 30 से 32 यूनिट ब्लड मुहैया कराया जाता है।

****************

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि इस बार मानसून ने अंडमान–निकोबार में समय से पहले दस्तक दे दी है और यह बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है। अनुमान है कि झारखंड में भी इस साल मानसून समय से पहले पहुंच सकता है। सामान्यतः मानसून केरल में जून के पहले सप्ताह तक पहुंचता है और लगभग 10 से 12 दिनों में संथाल परगना के रास्ते झारखंड में प्रवेश करता है।

****************

बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। झारखंड पदक तालिका में शीर्ष दस में जगह बनाने में सफल रहा है। झारखंड के खिलाड़ियों ने अब तक तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किये हैं।

*******समाप्त*******